20.6.18

पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान में अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत लोलावा में पेश हुई। वकील प्रार्थीगण उपस्थित। विप्रार्थीगण को जारी लोक अदालत नोटिस तामील शुदा प्राप्त हुए। जो शामिल मिसल हों। विप्रार्थीगण बावजूद नोटिस तामील के हाजिर नहीं होने पर उनके विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। प्रार्थीगण का आवेदन स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखवाया जाकर मजमें आम सुनाया गया। और शामिल मिसल किया गया।

पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

राजस्व लोक अदालत अभियान–
न्याय आपके द्वार 2018

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,(एस.डी.ओ.)सिणधरी

(लोक अदालत / कोर्ट केम्प–अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत लोलावा)
पीठासीन अधिकारी–श्री अंजुम ताहिर सम्मा ,आर.ए.एस

राजस्व आवेदन संख्या 197 / 2017

| प्रार्थीगण | **बनाम** | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1.सुखदेव पुत्र रामाराम<br>2.खेमीदेवी पत्नि रामाराम<br>जाति जाट<br>निवासी नोखड़ा<br>तहसील गुड़ामालानी व जिला बाड़मेर | | 1.सुभान पुत्र मोड़ा<br>2.मजी पुत्र मिसरी<br>3.जामीन पुत्र मिसरी<br>जाति मोयला कुम्हार निवासी लोलावा तहसील सिणधरी व जिला बाड़मेर<br>4.नैनाराम पुत्र भूराराम<br>5.मिरगोदेवी पत्नि भूराराम जाति जाट निवासी सिणधरी व जिला बाड़मेर<br>6.तहसीलदार सिणधरी |

**राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

**(वास्ते–विवादित भूमि की करने नेखमबन्दी बाबत)**

उपस्थित–1. श्री डालूराम चौधरी,प्रार्थीगण की ओर से।

2.विप्रार्थीगण–एकतरफा।

उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

## आदेश

दिनांक 20.6.18

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार है,कि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी भूमि ग्राम लोलावा पटवार क्षेत्र गोलिया जीवराज तहसील सिणधरी की खेत खसरा संख्या 38/1 रकबा 11–06 बीधा भूमि आई हुई है। जिस पर प्रार्थीगण का शान्तिपूर्वक कब्जा काश्त चला आ रहा है,प्रार्थीगण की भूमि के सेढा सेढ विप्रार्थीगण की भूमि आई हुई है। वर्षा ऋतु के समय प्रार्थीगण की भूमि के सेढो को लेकर विप्रार्थीगण द्वारा दखलदान्जी की जाती है,और आये दिन सीमाओ को लेकर पक्षकारान में तनाजा रहता है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा ग्राम लोलावा पटवार क्षेत्र गोलिया जीवराज तहसील सिणधरी की खेत खसरा संख्या 38/1 रकबा 11–06 बीधा भूमि की पक्की नेखमबंदी करवाने हेतु यह आवेदन पत्र पेश किया गया है।

**2**.प्रार्थीगण के आवेदन को दर्ज रजिस्टर किया गया। विप्रार्थीगण को जरिये लोक अदालत नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण के नोटिस तामील शुदा प्रापत हुए। लेकिन विप्रार्थीगण बावजुद नोटिस तामिल के हाजिर नहीं होने पर उनके विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।

**3**.वकील प्रार्थीगण की एकपक्षीय बहस सुनी गई। वकील प्रार्थीगण ने आवेदन के तथ्यो को दोहराते हुए कथन किया,कि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी भूमि ग्राम लोलावा पटवार क्षेत्र गोलिया जीवराज तहसील सिणधरी की खेत खसरा संख्या 38/1 रकबा 11–06 बीधा भूमि आई हुई है। जिस पर प्रार्थीगण का शान्तिपूर्वक कब्जा काश्त चला आ रहा है,प्रार्थीगण की भूमि के सेढा सेढ विप्रार्थीगण की भूमि आई हुई है। वर्षा ऋतु के समय प्रार्थीगण की भूमि के सेढो को लेकर विप्रार्थीगण द्वारा दखलदान्जी की जाती है,और प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि की पुरानी माढो को हटवाने का प्रयास करते रहते है,और प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि मे आये दिन अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जाता है,और आये दिन सीमाओ को लेकर पक्षकारान मे तनाजा रहता है। इस कारण प्रार्थीगण के खातेदारी भूमि ग्राम लोलावा पटवार क्षेत्र गोलिया जीवराज तहसील सिणधरी की खेत खसरा संख्या 38/1 रकबा 11–06 बीधा भूमि की पक्की नेखमबन्दी के आदेश फरमावे जावें।

4.हमने वकील प्रार्थीगण की बहस पर मनन किया और पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड,सीमाज्ञान फर्द दिनांक 12.4.2017 एवं सलंग्न दस्तावेजात का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया। तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य मे विवेचन किया गया। जिसमें पाया ग्राम लोलावा पटवार क्षेत्र गोलिया जीवराज तहसील सिणधरी की खेत खसरा संख्या 38/1 रकबा 11–06 बीधा के प्रार्थीगण रिकार्डड खातेदार है। जो पत्रावली के सलंग्न विवादित भूमि की जमाबंदी से प्रमाणित होता है। इस कारण प्रार्थीगण काश्त की सुविधा हेतु अपनी

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

तेदारी भूमि की नेखमबन्दी करवाना चाहते है,विप्राथीगण बावजूद नोटिस तामील होने के उपरांत भी हाजिर नहीं हुए है,इससे प्रतीत होता है,कि विप्रार्थीगण को प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि की नेखमबन्दी किये जाने में कोई आपति नहीं होगीं। ऐसी सूरत में उक्त भूमि की नेखमबन्दी किये जाने में कोई आपति प्रतीत नहीं होती है।

5. लिहाजा,प्रार्थीगण का आवेदन राजस्व लोक अदालत की भावना को मध्यनजर रखते हुए स्वीकार किया जाकर ग्राम लोलावा पटवार क्षेत्र गोलिया जीवराज तहसील सिणधरी की खेत खसरा संख्या 38/1 रकबा 11–06 बीधा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार सिणधरी को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है,उक्त कार्यवाही प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण को पूर्व में जरिये नोटिस/पत्र के जरिये सुचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर की जावे। कमिशनर फीस 500/प्रार्थी मौके पर अदा करेगा। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल मिसल हो।

(अंजुम ताहिर सम्मा )
**उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी**

आदेश आज दिनांक 20/6/18 को लिखवाया जाकर मजमें आम सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी
उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी